पत्र नहीं मित्र
देशबन्धु
नई दिल्ली, मंगलवार, 7 अप्रैल, 2020 | वर्ष-13 | अंक-1 | पृष्ठ-14 | मूल्य - 4.00 रुपए

सैनिटाइजर मशीन से सोसाइटियों को किया सैनिटाइज

ग्रेटर नोएडा, 6 अप्रैल (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा वेस्ट में गौड़ ग्रुप अपने सभी प्रोजेक्ट-सोसाइटियों को कोरोना वायरस से बचाव के लिए एक मेकैनाइस्ड सैनिटाइजर मशीन लगाया है। इस मशीन द्वारा सोसाइटी के सभी क्षेत्रों और दुकानों को सैनिटाइज किया जा रहा है। इस मशीन द्वारा गौड़ सिटी के सभी एवेन्यु, वहां प्रतिदिन सुबह और शाम इन क्षेत्रों को सैनिटाइज किया जा रहा है। कोरोना वायरस से बचाव के लिए सैनिटाइजेशन का अहम किरदार है। जिसमें में यह मशीन पहली बार दिल्ली एनसीआर में गौड़ ग्रुप ने उपयोग में किया है। यह एडवांस टेक्नोलॉजी मशीन कई अन्य देशों में भी इस्तेमाल किया जा रहा है। इससे लगभग 30 से 50 मीटर की दूरी तक क्षेत्र को सैनिटाइज किया जा सकता है। इसी प्रकार यह मशीन पॉल्यूशन की रोकथाम में भी मददगार है। बता दें कि गौड़ ग्रुप ने हाल ही में जिलाधिकारी कोष में 5 लाख रुपए की मदद की है और प्रतिदिन 3000 मजदूर को राशन दिया जा रहा है।



गौड़ ग्रुप के एमडी मनोज गौड़ ने बताया कि पूरा देश अभी एक मुश्किल समय से गुजर रहा है जहां सोशल डिस्टेन्सिंग के साथ-साथ अपने क्षेत्र को सैनिटाइज करके रखना सबसे महत्वपूर्ण है। केवल गौड़ सिटी में 25000 से अधिक परिवार रहते हैं और उनकी सुरक्षा हमारी जिम्मेदारी है। हमने यह मशीन अपने निर्माणाधीन साईट पर भी लगाया है जिससे हमारे साथी वर्कर भी सुरक्षित रहें। इस मशीन द्वारा हम पूरे सोसाइटी को सैनिटाइज कर रहे हैं।